पत्रांक– 11 न0वि0 अभि0(को0) 12/2018 1296 न0वि0 एवं आ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

अधीक्षण अभियंता,
बिहार शहरी विकास अभिकरण,
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार, पटना।

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
जिला शहरी विकास अभिकरण,
सीतामढ़ी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, सीतामढ़ी।

पटना, दिनांक– 12/10/18

विषयः– ई–टेंडरिंग पद्धति द्वारा राज्य योजना अन्तर्गत निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2018–19 के ग्रुप सं0–01 के कार्य नगर परिषद, सीतामढ़ी क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड नं0–26 में मेहसौल रेलवे गुमटी से पटेल मशीनरी तक आर0सी0सी0 कॉभर नाला निर्माण कार्य की निविदा के संबंध में।

प्रसंगः– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, सीतामढ़ी का पत्रांक–633 दिनांक–24.09.2018

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा ई–टेंडरिंग पद्धति द्वारा राज्य योजना अन्तर्गत निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2018–19 के ग्रुप सं0–01 के कार्य नगर परिषद, सीतामढ़ी क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड नं0–26 में मेहसौल रेलवे गुमटी से पटेल मशीनरी तक आर0सी0सी0 कॉभर नाला निर्माण कार्य की निविदा में एकल निविदाकार श्री शशि रंजन कुमार के तकनीकी बिड की तुलनात्मक विवरणी एवं डाउनलोडेड निविदा कागजात निविदा निष्पादन हेतु समर्पित किया गया है।

समर्पित कागजातों के समीक्षोपरान्त एकल निविदाकार श्री शशि रंजन कुमार की निविदा, निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिकाओं का अनुपालन करने के कारण मान्य है।

पूर्व आमंत्रित निविदा में भी एकल निविदा प्राप्त होने तथा पूर्व निविदा में एकल निविदाकार के मान्य रहने का प्रतिवेदन प्राप्त है।

तद्नुसार पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना सं0–3162(s) दिनांक–09.05.2016 के आलोक में वर्तमान निविदा में एकल एवं सफल निविदाकार श्री शशि रंजन कुमार को तकनीकी बिड में सफल किया जाता है एवं निदेश दिया जाता है कि श्री कुमार का वित्तीय बिड खोलकर तुलनात्मक विवरणी समर्पित किया जाय।

विश्वासभाजन
12/10/18
अधीक्षण अभियंता,
बिहार शहरी विकास अभिकरण,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।